**Model Paper - I : 2025-26**

**Class - XII**

**Time : 3:15 Hours** **Subject:- Accountancy** **M.M. : 80**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES:***

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश:-***

- ***Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsory.***
  ***परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।***
- ***All the questions are compulsory.***
  ***सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।***
- ***Write the answer to each question in the given answer-book only.***
  ***प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।***
- ***For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.***
  ***जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।***
- ***If there is any error/difference/contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of English version should be treated valid.***
  ***प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि/अन्तर/विरोधाभास होने पर अंग्रेजी भाषा के प्रश्न को सही मानें।***
- ***Write down the serial number of the question before attempting it.***
  ***प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

## Section-A ( खण्ड - अ )

**Multiple Choice Questions:-** **[18×1=18]**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नः-**

(i) Which one of the following items is not related to Profit and loss Appropriation A/c?

(1) Interest on Partners' Capital (2) Salary payable to a Partner

(3) Interest on Partners' Loan (4) Interest on Partners' Drawings

निम्नलिखित में से कौन-सी मद लाभ-हानि नियोजन खाता से संबंधित नहीं है?

(1) साझेदारों की पूंजी पर ब्याज (2) साझेदार को देय वेतन

(3) साझेदार के ऋण पर ब्याज (4) साझेदारों की आहरण राशि पर ब्याज

(ii) Asha is a partner in a firm. She withdrew Rs 5,000 each quarterly at the beginnig of each quarter. Interest on drawing charged @ 12% per annum. The period for interest on drawing will be:-

(1) $6\frac{1}{2}$ months (2) $4\frac{1}{2}$ months (3) 6 months (4) $7\frac{1}{2}$ months

आशा एक फर्म की साझेदार है उसने प्रत्येक तिमाही के प्रारम्भ में रू 5,000 निकाले आहरण पर ब्याज 12% वार्षिक की दर से लगाया जाता है आहरण पर ब्याज की अवधि होगी-

(1) $6\frac{1}{2}$ माह (2) $4\frac{1}{2}$ माह (3) 6 माह (4) $7\frac{1}{2}$ माह

(iii) At the admission of a new partner, increasing value of any asset will be, written in the-

(1) Debit side of profit and loss account (2) Credit side of profit and loss account

(3) Debit side of revaluation account (4) Credit side of revaluation account

नए साझेदार के प्रवेश पर किसी परिसंपत्ति के मुल्य में वृद्धि को किसमें लिखा जाएगा-

(1) लाभ-हानि खाते के नाम पक्ष में (2) लाभ-हानि खाते के जमा पक्ष में

(3) पुनर्मूल्यांकन खाते के नाम पक्ष में (4) पुनर्मूल्यांकन खाते के जमा पक्ष में

(iv) The formula for calculating sacrifice Ratio is-

(1) Old Ratio- New Ratio (2) New Ratio- Old Ratio

(3) Old Ratio + New Ratio (4) None of the above

त्याग अनुपात निकालने का सूत्र है-

(1) पुराना अनुपात-नया अनुपात (2) नया अनुपात-पुराना अनुपात

(3) पुराना अनुपात-नया अनुपात (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(v) Ram, Shyam and Mohan are partners sharing profit in the ratio of 3:2:1 Shyam retire. After Shyam's retirement, Ram and Mohan will share the profit in 2:1. The Gaining ratio will be-

(1) 3:2 (2) 1:1 (3) 1:2 (4) 3:1

राम, श्याम और मोहन 3:2:1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं श्याम सेनानिवृत्त हो जाता है, श्याम की सेनानिवृत्ति के बाद राम और मोहन 2:1 में लाभ बाँटेंगे लाभ अनुपात होगा-

(1) 3:2 (2) 1:1 (3) 1:2 (4) 3:1

(vi) On retirement of a partner the undistributed profits available in the balance sheet of firm is distribute among the partners in the ratio of-

(1) In new ratio (2) In equal ratio (3) In Gaining ratio (4) In old ratio

किसी साझेदार की सेनानिवृत्ति पर तुलन पत्र में उपलब्ध अवितरित लाभ किस अनुपात में बाँटे जाते हैं-

(1) नए अनुपात में (2) समान अनुपात में (3) लाभ अनुपात में (4) पुराने अनुपात में

(vii) Which account is not opened on dissolution of the firm?

(1) Realisation Account (2) Bank Account

(3) Revaluation Account (4) Partners Capital Account

फर्म के विघटन पर कौन-सा खाता नहीं खोला जाता है?

(1) वसूली खाता (2) बैंक खाता

(3) पुनर्मूल्यांकन खाता (4) साझेदार पूंजी खाता

(viii) N Ltd. purchased a land form Girisha Ltd. for Rs. 4,80,000 In full payment, N Ltd, issued equity shares of Rs. 10 each at 20% premium. Number of shares issued will be-

(1) 48,000 (2) 60,000 (3) 40,000 (4) 50,000

एन लिमिटेड ने गिरिशा लिमिटेड से रू 4,80,000 में भूमि खरीदी पूर्ण भुगतान के बदले रू 10 अंकित मूल्य के समता अंश 20% प्रीमियम पर जारी किए गए अंशों की संख्या होगी-

(1) 48,000 (2) 60,000 (3) 40,000 (4) 50,000

(ix) In the absence of article of association the maximum rate of interest on calls in- Arrear will be 10% per annum, according to:-

(1) Table - F (2) Table - E (3) Table - H (4) Table - G

पार्षद अंतरनियम के अभाव में बकाया माँग पर अधिकतम ब्याज दर 10% प्रतिवर्ष होगी, किस तालिका के अनुसार-

(1) तालिका-F (2) तालिका-E (3) तालिका-H (4) तालिका-G

(x) Which account is to be debited on receive of calls in advance?

(1) Calls in Arrear A/c (2) Bank A/c (3) Shareholder A/c (4) Calls in Advance A/c

अग्रिम माँग प्राप्त होने पर किस खाते को नाम किया जाता है?

(1) बकाया माँग खाता (2) बैंक खाता (3) अंश धारक खाता (4) अग्रिम माँग खाता

(xi) In the case of issue of debentures as collateral security, which account, if entry is made, will be debited?

(1) Loan Account (2) Debentures Account

(3) Debenture Suspense Account (4) Bank Account

समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ऋणपत्र जारी करने की स्थिति में (यदि प्रविष्टि की जाए) कौन-सा खाता नाम किया जाएगा?

(1) ऋण खाता (2) ऋणपत्र खाता

(3) ऋणपत्र उचन्ती खाता (4) बैंक खाता

(xii) Debentures issued at per are redeemable at premium, the amount of premium payable is transferred:-

(1) In discount on issue of debentures A/c (2) In Loss on issue of debbentures A/c

(3) In General Reserve A/c (4) In securities premium Reserve A/c

अंकित मूल्य पर जारी ऋणपत्र यदि प्रीमियम पर शोधन किये जाएँ, तो देय प्रीमियम किसमें हस्तानांतरित किया जाएगा-

(1) ऋणपत्र निर्गमन छूट खाता (2) ऋणपत्र निर्गमन हानि खाता

(3) सामान्य आरक्षित खाता (4) प्रतिभूति प्रीमियम आरक्षित खाता

(xiii) The debentures, that-do not carry a specific rate of interest are called-

(1) Specific coupon rate debentures (2) Zero coupon rate debentures

(3) Maximum coupon rate debentures (4) Minimum coupon rate debentures

जिन ऋणपत्र पर निश्चित ब्याज दर नहीं होती, उन्हें कहते हैं-

(1) विशिष्ट कूपन दर ऋणपत्र (2) शून्य कूपन दर ऋणपत्र

(3) अधिकतम कूपन दर ऋणपत्र (4) न्यूनतम कूपन दर ऋणपत्र

(xiv) Which of the following item is not related to "Reserve and surplus" sub- Head:-

(1) Capital redemption reserve (2) Debenture redemption reserve

(3) Securities premium (4) Provision for bad-debts

निम्न में से कौन-सा "आरक्षित एंव अधिशेष" से संबंधित नहीं है-

(1) पूंजी मोचन आरक्षित (2) ऋणपत्र मोचन आरक्षित

(3) प्रतिभूति प्रीमियम (4) संदिग्ध ऋणों हेतु प्रावधान

(xv) Item which is related to cash inflow form investing activity is-

(1) Cash sale of goods (2) Cash sale of fixed asset

(3) Issue of shares (4) None of these

निवेश गतिविधि से नकद प्रवाह से संबंधित मद है-

(1) वस्तुओं की नकद बिक्री (2) स्थायी संपत्ति की नकद बिक्री

(3) अंशों का निर्गमन (4) इनमें से कोई नहीं

(xvi) An ideal debt-Equity ratio is considered safe:-

(1) 1:1 (2) 2:1 (3) 0.5:1 (4) 1:2

आदर्श ऋण - समता अनुपात सुरक्षित माना जाता है-

(1) 1:1 (2) 2:1 (3) 0.5:1 (4) 1:2

(xvii)Which one of the following is not a cash-flow statement Activity?

(1) Funds-flow (2) Operating (3) Financing (4) Investing

निम्न में से कौन-सा नकद प्रवाह विवरण की गतिविधि नहीं है-

(1) निधि प्रवाह (2) परिचालन (3) वित्तीय (4) निवेश

(xviii)Calculate current ratio of liquidity ratio is 2:1, Total liquid assets are Rs. 24,00,000 and stock is Rs. 6,00,000

(1) 2:5 (2) 2:3 (3) 5:2 (4) 3:2

यदि तरलता अनुपात 2:1 है, तरल संपत्तियाँ रू 24,00,000 हैं तथा रहतिया रू 6,00,000 है, तो चालू अनुपात होगा-

(1) 2:5 (2) 2:3 (3) 5:2 (4) 3:2

**02 Fill in the blanks:-** **[6×1=6]**

**रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए:-**

(i) The minimum number of partners are ............ in partnership business. (One/Two)

साझेदारी व्यवसाय में साझेदारों की न्यूनतम संख्या ............... होती है (एक / दो)

(ii) If a business organisation earns more profits than its normal rate of return. Its monetary value is called ............... (Goodwill/credit)

यदि कोई व्यवसाय प्रतिफल से अधिक लाभ कमाता है, तो उसका मौद्रिक मूल्य ............. कहलाता है (ख्याति / साख)

(iii) The share, that has not perferential right in the payment of dividend or repayment of capital is called ................ (Equity share/Preference share)

वह अंश जिसे लाभांश या पूंजी वापसी में वरीयता प्राप्त नहीं होती, ............... कहलाता है (समता अंश / अधिमान अंश)

(iv) Interest paid on debendture is ................ on profit for a company. (Charge/income)

ऋणपत्र पर दिया गया ब्याज कंपनी के लाभ पर ............. होता है (भार / आय)

(v) ............. items to be settled within 12 months period. (non-current/current)

मदें 12 माह के भीतर निपटाई जाती हैं (गैर चालू / चालू)

(vi) Payment of dividend results ............... (Cash in flows/cash outflows)

लाभांश के भुगतान से ........... होता है (नकद आगम / नकद निर्गमन)

**03. Very short answer question -** **[12×1=12]**

**अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न**

(i) Rakesh and Suresh are partners of a firm, profit sharing equally. They admitted Mahesh for 1/4 share. Calculate their new profit sharing Ratio.

राकेश और सुरेश समान अनुपात में लाभ बाँटते हैं उन्होंने महेश को 1/4 भाग के लिए नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया नया लाभ-विभाजन अनुपात ज्ञात कीजिए।

(ii) Radha and Meera are partners in 2:1 Ratio. Reena enters as a new partner in firm. On that day debit balance of profit and loss account Rs. 30,000 is shown in the balance sheet. Give journal entry to close the profit and loss account.

राधा और मीरा 2:1 में साझेदार है रीना नए साझेदार के रूप में प्रवेश करती है लाभ-हानि खाते में रू 30,000 का नाम शेष है खाता बंद करने की जर्नल प्रविष्टि लिखिए।

(iii) Garima, Priyanka and Nimisha are partners sharing profit in the ratio of $3\frac{1}{2} : 4\frac{1}{2} : 5\frac{1}{2}$. Nimisha retires from the firm. New share of Garima will be?

गरिमा, प्रियका और निमिषा $3\frac{1}{2} : 4\frac{1}{2} : 5\frac{1}{2}$ में लाभ बाँटते हैं निमिषा सेनानिवृत्त होती है गरिमा का नया हिस्सा ज्ञात कीजिए

(iv) What will be the entry for reduction in the provision for bad-debts at the time of death of a partner?

साझेदार की मृत्यु पर सदिग्ध ऋणों के प्रावधान में कमी की प्रविष्टि लिखिए

(v) Write any two differences between share and debenture.

अंश और ऋणपत्र में कोई दो अंतर लिखिए

(vi) Write one difference between over subscription and under subscription.

अधिक अभिदान और अल्प अभिदान में एक अंतर लिखिए

(vii) Write entry for calls in Arrear.

बकाया माँग की प्रविष्टि लिखिए

(viii) If applicants for 12,000 shares were allotted 8,000 shares on pro-rata basis, how many share were alloted to a shareholder who had applied for 1,500 shares?

12,000 अंशों के लिए आवेदन आए तथा 8,000 अंश यथानुपात आधार पर आवंटित हुए 1,500 अंशों के लिए आवेदन करने वाले को कितने अंश मिलेंगे?

(ix) State the types of debentures on the basis of period/redemption?

अवधि / मोचन के आधार पर ऋणपत्रो के प्रकार लिखिए

(x) Preeti limited had invited application for Rs 10,000 equity share of Rs 10 each at a premium of Rs 1 each, Total application money received at Rs 4 per share of Rs 45,600. State the numbers of application that are received.

प्रिति लिमिटेड ने रू 10 अंकित मूल्य के 10,000 समता अंश रू 1 प्रीमियम पर जारी किए आवेदन राशि रू 4 प्रति अंश, प्राप्त हुई कुल रू 45,600 प्राप्त आवेदनों की संख्या ज्ञात कीजिए।

(xi) What is meant by issue of debentures as collateral security?

समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ऋणपत्र निर्गमन से क्या तात्पर्य है?

(xii) Find the value of current Assets from the following information- Current Ratio 2:1, Current Liability Rs 5,00,000

चालू अनुपात 2:1 तथा चालू देयताएँ रू 5,00,000 हैं चालू संपत्तियों का मूल्य ज्ञात कीजिए

## Section-B

## खण्ड - ब

**Short Answer type Questions:-** **[10 × 2=20]**

**लघूत्तरात्मक प्रश्न**

**04.** Hema and Meena are partners in a firm. Hema withdrew Rs 2,000 at the beginning of each month whereas, Meena withdrew Rs 4,000 at the end of each month during the whole year. Interest on drawing is charged @12% per annum. Calculate interest on drawing.

हेमा और मीना एक फर्म की साझेदार है हेमा ने पूरे वर्ष प्रत्येक माह की शुरूआत में रू 2,000 निकाले, जबकि मीना ने पूरे वर्ष प्रत्येक माह के अंत में रू 4,000 निकाले आहरण पर ब्याज 12% प्रतिवर्ष की दर से लिया जाता है आहरण पर ब्याज की गणना कीजिए।

**05.** Sita and Gita are partners in a firm. On 01-04-2025 balance of their capital account are 3,00,000. and 4,00,00 repectively. Sita adds extra capital Rs. 50,000 on 01-09-2025. Gita withdraws Rs. 50,000 from his capital on 01-01-2026. Calculate interest on capital @ 10% p.a. for both partners as on 31-03-2026.

सीता और गीता एक फर्म की साझेदार हैं 01-04-2025 को उनकी पूंजी खातों के शेष क्रमश रू 3,00,000 और रू 4,00,000 थी सीता ने 01-09-2025 को रू 50,000 अतिरिक्त पूंजी लगाई, गीता ने 01-01-2026 को अपनी पूंजी से रू 50,000 निकाले 31-03-2026 को 10% प्रतिवर्ष की दर से दोनों साझेदारों की पूंजी पर ब्याज की गणना कीजिए।

**06.** Invested capital is Rs 4,00,000 in a firm. Normal rate of profit is 10%, Average profit of the firm are Rs 50,000 (Abnormal loss of Rs 5,000 is not deducted). Calculate the value of goodwill at three times of the super profit.

किसी फर्म में निवेशित पूंजी रू 4,00,000 है सामान्य लाभ दर 10% है फर्म का औसत लाभ रू 50,000 है (रू5,000 की असामान्य हानि घटाई नहीं गई है) अधिलाभ के तीन गुना पर ख्याति का मूल्य ज्ञात कीजिए।

**07.** Balmukund, Vineet and Sudhansu are partners in a firm, Sharing profit in the ratio of 2:3:4 sudhanshu retires from the from on this date Balance-Sheet is showing General Reserve of Rs 27,000. Pass necessary Journal Entry on retirement of Sudhanshu.

बालमुकुंद, वीनीत और सुधांशु एक फर्म के साझेदार हैं, जो लाभ को 2:3:4 के अनुपात में अनुपात में बाँटते हैं सुधाशु फर्म से सेवानिवृत्त हो जाता है इस तिथि पर तुलनपत्र में सामान्य आरक्षित निधि रू27,000 दर्शाई गई है सुधांशु की सेवानिवृत्ति पर आवश्यक जर्नल प्रविष्टि दीजिए।

**08.** K, L and M are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3:5:2. The profit of the firm is Rs 4,00,000 on 31st March, 2025. M died on 1st October 2025. Calculate the share in profit for "M" from 1st April upto 1st October, 2025.

K, L और M एक फर्म के साझेदार हैं, जो लाभ को 3:5:2 के अनुपात में बाँटते हैं 31 मार्च 2025 को फर्म का लाभ रू 4,00,000 है M की मृत्यु 1 अक्टुबर 2025 को हो जाती है 1 अप्रैल से 1 अक्टुबर 2025 तक "M" के लाभ का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

**09.** An old typewriter was written - off in the books of accounts in previous year. The same has been taken by a partner Maynak for Rs 15,000. Journalise the transaction, If firm has been dissolved.

एक पुरानी टाइपराइटर को पिछले वर्ष लेखा पुस्तकों में अपलिखित कर दिया गया था वही टाइपराइटर साझेदार मयंक द्वारा रू 15,000 में ले ली गई यदि फर्म का विघटन हो गया हो, तो इस लेन-देन की जर्नल प्रविष्टि कीजिए।

**10.** What do you mean by undersubscription? Give one example.

अल्प-अभिदान से आप क्या समझते है? एक उदाहरण दीजिए

**11.** If 8% debentures of worth Rs 2,50,000 issued at a discount of Rs 12,500. Give journal entry for issue of debentures and find out the rate of discount.

रू 2,50,000 मूल्य के 8% ऋणपत्र रू 12,500 की छूट पर जारी किए गए ऋणपत्र जारी करने की जर्नल प्रविष्टि कीजिए तथा छूट की दर ज्ञात कीजिए।

**12.** Show the following items in the balance sheet of krishna ltd.

(1) Equity share capital

(2) Inventories

कृष्णा लिमिटेड के तुलन पत्र में निम्नलिखित मदों को दर्शाइए-

(1) समता अंश पूंजी

(2) रहतिया

**13.** Find the amount of tax paid by preparing provision for Tax Account form the following information-

Opening balance of provision for tax Rs 30,000 and closing balance Rs 10,000, during the year provision made for tax Rs 40,000.

निम्नलिखित सुचनाओं से कर भुगतान की राशि ज्ञात कीजिए-

कर के लिए प्रावधान का प्रारंभिक शेष रू 30,000 अंतिम शेष रू 10,000 तथा वर्ष के दौरान कर के लिए बनाया गया प्रावधान रू 40,000

## Section-C

## खण्ड ( स )

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न :-** **[4×3=12]**

**Long answer type question:-**

**14.** Som, Mangal and Budh are partners in a firm sharing profit in the ratio of 4:3:2. Mangal Retires from the firm. After making all adjustments relating to Revalution, goodwill and accumulated profit etc. the capital accounts of Som and Budh showed the credit balance of Rs 1,08,000 and 72,000 respectively. It was decided to Adjust the capitals of Som and Budh's in their new profit-sharing ratio. Calculate the cash to be paid off by partners and pass entry.

सोम, मंगल और बुध एक फर्म के साझेदार हैं, जो लाभ को 4:3:2 के अनुपात में बाँटते हैं मंगल फर्म से सेवानिवृत्त हो जाता है पुनर्मूल्यांकन, ख्याति तथा संचित लाभ आदि से संबंधित सभी समायोजन करने के बाद, सोम और बुध के पूंजी खातों में क्रमशः रू 1,08,000 और रू 72,000 की जमा शेष राशि दिखाई देती है यह निर्णय लिया गया कि सोम और बुध की पूंजी को उनके नए लाभ वितरण अनुपात में समायोजित कि जाएगी साझेदारों द्वारा लाई जाने या उन्हें चुकाई जाने वाली नकद राशि की गणना कीजिए व जर्नल प्रविष्टि दीजिए।

अथवा /OR

Match the list (A) with list (B) :-

| List (A) Transcations List | List (B) Side of Accounts |
|---|---|
| I. Increase in value of Assets | A. Credit side of Partners Capital A/c |
| II. Increase in value of Liabilities | B. Debit side of Partners Capital A/c |
| III. Accumulated profits transferred into Partners Capital A/c | C. Debit side of Revaluation A/c |
| IV. Loss on Revalution A/c transferred into Partners Capital A/c | D. Credit side of Revalution A/c |

सूची (A) का सूची (B) से मिलान कीजिए।

| सूची (A)- लेन-देन | सूची (B)- खातों का पक्ष |
|---|---|
| I. परिसंपत्तियों के मुल्य में वृद्धि | A. साझेदारों के पूंजी खाते का जमा पक्ष |
| II. दायित्वों के मूल्य में वृद्धि | B. साझेदारों के पूंजी खाते का नाम पक्ष |
| III. संचित लाभों का साझेदारों के पूंजी खाते में स्थानांतरण | C. पुनर्मुल्यांकन खाते का नाम पक्ष |
| IV. पुनर्मूल्याकंन खातो की हानि का साझेदारों के पूंजी खाते में स्थानान्तरण | D. पुनर्मूल्याकंन खाते का जमा पक्ष |

**15.** Pass journal Entries on the dissolution of a firm, if

(1) Unrecorded Typewriter of Rs 5,000 is taken by a partner Ganesh.

(2) Creditors were Rs 25,000, they Accepted Debtors valued at Rs 25,000 in full settlement of their claim.

(3) Realisation expense amounted to Rs 25,000.

फर्म के विघटन पर निम्नलिखित परिस्थितियों में जर्नल प्रविष्टियाँ पास कीजिए:

(1) रू 5000 मूल्य की अलिखित टाइपराइटर साझेदार गणेश द्वारा ले ली गई

(1) लेनदार रू 25,000 थे, जिन्होंने अपने दावे के पूर्ण निपटान में रू 25,000 मूल्य के देनदार स्वीकार कर लिए

(2) वसूली व्यय रू 25000 हुआ

अथवा / Or

Match the List (A) with List (B):

| List (A) - Conditions | List (B) - Medhods of Dissolution of a firm |
|---|---|
| I. With the consent of the all-partners | A. Compulsory Dissolution |
| II. When the business of the become illegal. | B. Dissolution by Court |
| III. When a partner becomes insane | C. Dissolution by Agreement |

सूची (A) का सूची (B) से मिलान कीजिए:

| सूची (A) परिस्थितियाँ | सूची (B) फर्म के विघटन की विधियाँ |
|---|---|
| I. सभी साझेदारों की सहमति से | A. अनिवार्य विघटन |
| II. जब फर्म का व्यवसाय अवैध हो जाता है। | B. न्यायालय द्वारा विघटन |
| III. जब कोई साझेदार पागल हो जाता है। | C. समझौते द्वारा विघटन |

**16.** From the following information Calculate :

(1) Gross Profit ratio (2) Operating ratio (3) Net Profit ratio :-

Sales Rs 4,00,000, Cost of goods sold Rs 2,40,000, Administrative expenses Rs 50,000,

Selling expenses Rs 30,000, Loss by fire Rs 30,000, Income from investment Rs 10,000.

निम्नलिखित सुचनाओं से गणना कीजिए:

(1) सकल लाभ अनुपात, (2) परिचालन अनुपात (3) शुद्ध लाभ अनुपात

सूचनाएँ:

बिक्री रू 4,00,000 वस्तुओं की लागत रू 2,40,000 प्रशासनिक व्यय रू 50,000 विक्रय व्यय रू 30,000 आग से हानि रू 30,000 निवेश से आय रू 10,000

अथवा / OR

Calculate of Return on investment and Return on net worth (shareholder Fund) from the following informations:-

Equity share capital (@Rs 100 per share) Rs 8,00,000

8% Debenture Rs 10,00,000

General Reserve Rs 2,00,000

Net Profit after Tax Rs 1,20,000, Rate of Tax = 40%

निम्नलिखित सूचनाओं से निवेश पर प्रतिफल (ROI) तथा निवल संपत्ति पर प्रतिफल (अंश धारकों की निधि) की गणना कीजिए:

समता अंश पूंजी (रू 100 प्रति अंश) रू 8,00,000

8% ऋणपत्र रू 10,00,000

सामान्य आरक्षित निधि रू 2,00,000

कर पश्चात शुद्ध लाभ रू 1,20,000

कर की दर = 40%

**17.** X Ltd. earned at a net income of Rs. 5,00,000 for the year ended 31st march 2023. Depreciation for the year was Rs. 2,00,000. There was a profit of Rs. 50,000 on assests sold which was transferred to the statment of profit and loss. Trade receivables increase during the year Rs. 40,000 and trade payables also increase by Rs. 60,000. Compute the cash flow from operating activities by the indirect approach.

X लिमिटेड ने 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए रू 5,00,000 की शुद्ध आय अर्जित की वर्ष के लिए मूल्यह्रास रू 2,00,000 था परिसंपत्तियों की बिक्री पर रू 50,000 का लाभ हुआ, जिसे लाभ-हानि विवरण में स्थानांतरित कर दिया गया वर्ष के दौरान व्यापारिक प्राप्य में रू 40,000 की वृद्धि तथा व्यापारिक देयता में रू 60,000 की वृद्धि हुई अप्रत्यक्ष विधि द्वारा परिचालन गतिविधियों से नकद प्रवाह की गणना कीजिए।

अथवा / OR

Calculate the cash flow from "Financing-Activities" from the following information's:-

| Item | 2023 | 2024 |
|---|---|---|
| Equity Share Capital | 6,00,000 | 7,50,000 |
| 8% Debentures | 1,00,000 | 50,000 |

During the year 20% dividend is paid on opening balance of Equity shares and interest is paid on opening balance of debentures.

निम्नलिखित सूचनाओं से वित्तिय गतिविधियों से नकद प्रवाह की गणना कीजिए:

| मद | 2023 | 2024 |
|---|---|---|
| समता अंश पूंजी | रू 6,00,000 | रू 7,50,000 |
| 8% ऋणपत्र | रू 1,00,000 | रू 50,000 |

वर्ष के दौरान समता अंशों की प्रारंभिक शेष राशि पर 20% लाभांश तथा ऋणपत्रो का प्रारंभिक शेष राशि पर ब्याज का भुगतान किया गया।

## Section-D

## खण्ड ( द )

**निबन्धात्मक प्रश्न :-** **[3×4=12]**

**Essay type question:-**

**18.** Ashish and Dutta were partners in a firm sharing profits in 3:2 ratio. On april 01,2015 they admitted Vimal for 1/5 share in the profits. The balance sheet of Ashish and Dutta as on March 31,2015 was as follows:

| Liabilities | Amount | Assets | | Amount |
|---|---|---|---|---|
| | (Rs.) | | | (RS.) |
| Ashish Capital | 80,000 | Land & Bulding | | 35,000 |
| Dutta's Capital | 35,000 | Plant | | 45,000 |
| Creditors | 15,000 | Debtors | 22,000 | |
| Bills Payable | 10,000 | Less Provision | 2,000 | 20,000 |
| | | Stock | | 35,000 |
| | | Cash | | 5,000 |
| | 1,40,000 | | | 1,40,000 |

It was agreed that:

(1) The value of Land and Building be increased by Rs. 15,000.

(2) The value of plant be increased by 10,000.

(3) Goodwill of the firm be valued at Rs. 20,000.

(4) Vimal to bring in capital to the extent of $1/5^{th}$ of the total capital of the new firm.

Record the necessary journal entries and prepare the Balance Sheet of the firm after Vimal's admission

आशिष और दत्ता एक फर्म के साझेदार थे, जो लाभ को 3:2 के अनुपात में बाँटते थे 1 अप्रैल, 2015 को उन्होने विमल को लाभ में 1/5 भाग के लिए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया 31 मार्च 2015 की आशीष और दत्ता की तुलन-पत्र निम्नलिखित थी:

| Liabilities | Amount | Assets | | Amount |
|---|---|---|---|---|
| | (Rs.) | | | (RS.) |
| Ashish Capital | 80,000 | Land & Bulding | | 35,000 |
| Dutta's Capital | 35,000 | Plant | | 45,000 |
| Creditors | 15,000 | Debtors | 22,000 | |
| Bills Payable | 10,000 | Less Provision | 2,000 | 20,000 |
| | | Stock | | 35,000 |
| | | Cash | | 5,000 |
| | 1,40,000 | | | 1,40,000 |

यह सहमति हुई कि:

(1) भूमि एंव भवन का मूल्य रू 15,000 से बढ़ाया जाए

(2) प्लांट का मूल्य रू 10,000 से बढ़ाया जाए

(3) फर्म की ख्याति का मूल्य रू 20,000 आँका जाएं

(4) विमल नई फर्म की कुल पूंजी का 1/5 भाग पूंजी के रूप में लाए

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा विमल के प्रवेश के बाद फर्म की तुलनपत्र तैयार कीजिए।

अथवा / OR

P,Q and R are partners in a firm profit sharing in the ratio 2:1:1. Their Balance sheet as at 31st March, 2022 was as follows:-

| Liabilities | Amount | Assets | Amount |
|---|---|---|---|
| Creditors | 3,00,000 | Cash | 1,80,000 |
| General Reserve | 1,50,000 | B/R | 120,000 |
| Capitals: | | Stock | 3,50,000 |
| P | 3,00,000 | Plant | 5,50,000 |
| Q | 2,40,000 | | |
| R | 2,10,000 | | |
| | 1,200,000 | | 1,200,000 |

They decided to share the profits equally w.e.f. April 1st, 2022. On this date, the goodwill of firm was valued at Rs 90,000. Prepare Partners Capital A/c" and Balance sheet of the firm if general reserve shown in books of accounts.

P, Q और R एक फर्म के साझेदार है जो लाभ को 2:1:1 के अनुपात में बाँटते हैं 31 मार्च 2022 को उनकी तुलन पत्र निम्नलिखित थी:

| Liabilities | Amount | Assets | Amount |
|---|---|---|---|
| Creditors | 3,00,000 | Cash | 1,80,000 |
| General Reserve | 1,50,000 | B/R | 120,000 |
| Capitals: | | Stock | 3,50,000 |
| P | 3,00,000 | Plant | 5,50,000 |
| Q | 2,40,000 | | |
| R | 2,10,000 | | |
| | 1,200,000 | | 1,200,000 |

1 अप्रैल 2022 से उन्होने लाभ को समान रूप से बाँटने का निर्ण लिया इस तिथि पर फर्म की ख्याति रू 90,000 आँकी गई फर्म की पुस्तकों में साझेदारों का पूंजी खाता तथा तुलन पत्र तैयार कीजिए, यदि सामान्य संचय को पुस्तकों में दिखाया जाए।

**19**. Rajshree Ltd. forfeited 2500 equity shares of Rs 10 each (Rs 9 called-up) for non payment of the allotment money of 5 per share, Of these 2000 equity share were re-issued to Smita at Rs 5 share as Rs 8 called - up. Journalise the above transactions in the books of company and make “Share-forfeiture” A/c.

राजश्री लिमिटेड ने रू 10 अंकित मूल्य वाले 2,500 समता अंश (रु 9 मांगे गए) आबंटन राशि रू 5 प्रति अंश का भुगतान न करने के कारण जब्त कर लिए इनमे से 2,000 समता अंश स्मिता को रु 8 में पूर्ण प्रदत्त मानते हुए पुन: जारी किए गए कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा अंश जब्ती खाता तैयार कीजिए।

अथवा / OR

Ram & Company Ltd. issued 10,000 equity shares of Rs. 100 each at 10% premium. The net amount payable was as follows:-

On application Rs. 20

On allotment Rs. 50 (Rs. 40+ premium Rs. 10)

On first call Rs. 30

On Final call Rs. 10

All the calls were received except one shareholder, holding 200 shares did not pay final call. His shares were forfeited. Out of these 150 shares were reissued to Sonia at Rs. 75 per share fully paid up. Give journal entires in the books of the company.

राम एंड कपंनी लिमिटेड रू 100 अंकित मूल्य वाले 10,000 समता अंश 10% प्रिमियम पर जारी किए देय राशि इस प्रकार थी:

आवेदन पर रू 20

आबंटन पर रू 50 (रू 40+ प्रिमियम)

प्रथम कॉल पर रू 30

अंतिम कॉल पर रू 10

सभी कॉल प्राप्त हो गए, सिवाय एक अंश के, जिसके पास 200 अंश थे और उसने अंतिम कॉल का भुगतान नहीं किया उसके अंश जब्त कर लिए गए इनमें से 150 अंश सोनिया को रू 75 प्रति अंश पर पूर्ण चुकता के रूप में पुन: जारी किए गए कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

**20**. Kanhaiya Ltd. purchased furniture of Rs 1,98,000 form Ravi Ltd. It was agreed that purchase consideration is to be paid by issuing 9% Debentures of Rs 100 each with following conditions:-

(1) If at discount of 10%

(2) If at premium of 10%

Record necessary jounal entries and state the number of debentures that were issued in each case:-

कन्हैया लिमिटेड ने रवि लिमिटेड से रू 1,98,000 मूल्य का फर्नीचर खरीदा यह सहमति हुई कि क्रय मूल्य का भुगतान रू 100 अंकित मूल्य वाले 9% ऋण-पत्र के निर्गमन द्वारा किया जाएगा:

(1) यदि ऋणपत्र 10% छूट पर जारी किए जाए

(2) यदि ऋणपत्र 10% प्रिमियम पर जारी किए जाएँ

प्रत्येक स्थिति में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा जारी किए गए ऋणपत्रों की संख्या ज्ञात कीजिए

अथवा / OR

You are required to pass the journal entries relating to the issue of the debentures in the books of X Ltd. Under the following cases:

(1) 150, 7% debentures of Rs. 1000 each issued at 5% discount, Redemable at 10% premium.

(2) 120, 8% debentures of Rs. 1000 each issued at 5% premium, Redemable at 8% premium.

निम्नलिखित स्थितियों में X लिमिटेड की पुस्तकों में ऋणपत्र निर्गमन से संबंधित जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए:

(1) रू 1,000 अंकित मूल्य वाले 150,7% ऋणपत्र पर 5% छूट पर जारी किए गए, शोधन 10 प्रतिशत प्रीमियम पर

(2) रू 1,000 अंकित मूल्य वाले 120,8% ऋणपत्र 5% प्रीमियम पर जारी किए गए, शोधन 8 प्रतिशत प्रीमियम पर